प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 20.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— राज्य के विभिन्न जिलों में आज डायल—एक सौ बारह सेवा का शुभारंभ किया गया—मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

2— राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने आगामी शिक्षा सत्र के लिए स्थानीय शुल्क में बढ़ोत्तरी की।

3— दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में केमिस्ट संगठनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आज छत्तीसगढ़ में भी दिखा असर।

और

4— अग्निवीर भर्ती के तहत लिपिक और स्टोर कीपर टेक्निकल पदों के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

...........

**डॉयल 112**

प्रदेश के कई जिलों में आज मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने ″डायल—एक सौ बारह फेस—टू नेक्स्ट जनरेशन″ सेवा का शुभारंभ किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में इस सेवा का शुभारंभ करते हुए चौव्वन नये इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि सभी वाहन अत्याधुनिक जीपीएस सिस्टम, स्मार्ट कंट्रोल, मॉनिटरिंग सिस्टम और डिजिटल कम्युनिकेशन तकनीक से लैस है।

वहीं, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ के पुराना पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सोलह आधुनिक आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके अलावा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भी बलौदाबाजार स्थित रक्षित केंद्र परिसर से डायल–एक सौ बारह वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

**केंद्रीय कृषि मंत्री–उर्वरक**

केंद्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार से उर्वरक प्राप्त करना दिन–प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक खेती पर अधिक जोर देने की आवष्यकता पर बल दिया। श्री चौहान ने कहा कि वैष्विक चुनौतियों के बावजूद केंद्र सरकार किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक आपूर्ति सुनिष्चित करने के हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी और राज्यों से नकली और घटिया गुणवत्ता वाले उर्वरकों के आपूर्ति कर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।

**सरकारी शुल्क–स्कूल**

छत्तीसगढ़ के स्कूल षिक्षा विभाग ने आगामी शिक्षा सत्र के लिए सरकारी स्कूलों में स्थानीय शुल्क बढ़ाने का आदेश जारी किया है। यह नई दरें सरकारी स्कूलों के साथ–साथ स्वामी आत्मानंद स्कूलों और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में भी लागू होंगी। जारी आदेश के अनुसार, हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों का स्थानीय शुल्क अब चार

सौ दस रुपये से बढ़ाकर पांच सौ रुपये कर दिया गया है। वहीं, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों को अब चार सौ पैंतालीस रुपये की जगह पांच सौ पचास रुपये शुल्क देना होगा। विभाग के अनुसार नई शुल्क दरें आगामी शिक्षा सत्र से लागू की जाएंगी।

## अग्निवीर भर्ती–परीक्षा परिणाम

भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के तहत अग्निवीर लिपिक और स्टोर कीपर टेक्निकल पदों के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के बीस अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। परीक्षा परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन** पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है। उत्तीर्ण उम्मीदवारों को कल इक्कीस मई को सुबह नौ बजे सभी आवश्यक दस्तावेजो के साथ नवा रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

गौरतलब है कि सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अग्निवीर लिपिक और स्टोर कीपर टेक्निकल पदों के लिए यह परीक्षा बीते जनवरी महीने में धमतरी में आयोजित की गई थी।

## ऑनलाइन दवा बिक्री–हड़ताल

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में विभिन्न केमिस्ट संगठनों ने आज राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दवा दुकानें बंद रखीं। बिलासपुर में जिला औषधि विक्रेता संघ के बैनर तले दवा व्यापारियों ने  रैली निकाली। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बिना जांच पड़ताल के ऑनलाइन दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे मरीज़ों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। वहीं, छोटी दवा दुकानों के व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

इस बीच, विभिन्न जिलों के प्रशासन ने आज सरकारी अस्पतालों, जनऔषधि केंद्रों और धन्वंतरी मेडिकल स्टोर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया।

**शहरी नागरिक सहकारी बैंक**

छत्तीसगढ़ के शहरी नागरिक सहकारी बैंकों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं महादेव कावरे ने रायपुर में समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्य के बारह शहरी सहकारी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सहकारिता आयुक्त ने बैंकों को मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और आधार आधारित भुगतान प्रणाली जैसी सुविधाएं शुरू करने के निर्देष दिए। उन्होंने बैंकों से तकनीकी सहायता के लिए अम्ब्रेला ऑर्गेनाइजेशन से जुड़ने को भी कहा। इस पहल से प्रदेष के सहकारी बैंकों में डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी।

**वॉकथन**

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज बिलासपुर में आकाशवाणी केन्द्र द्वारा वॉकथन का आयोजन किया गया। इसमें आकाशवाणी के कर्मचारी, उद्घोषक, कम्पियर, श्रोता और शहर के नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बदलते समय में रेडियो की पहुंच और उसके महत्व के संबंध में अपने विचार साझा किए।

वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि रेडियो जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा है और लोगों को लगातार जोड़ रहा है।

वहीं, आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर की कार्यक्रम प्रमुख डॉक्टर सुप्रिया भारतीयन ने रेडियो के महत्व के बारे में जानकारी दी।

वॉकथन आज सुबह आकाशवाणी परिसर से शुरू हुआ, जो नूतन चौक, सीपत चौक होते हुए लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी तय कर वापस आकाशवाणी परिसर में संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में उनतीस से इकतीस मई तक राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में आम की ढाई सौ से अधिक किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें छत्तीसगढ़ औरं विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। इस अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आम महोत्सव में पंजीयन और प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। यह महोत्सव इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का  चक्रवाती घेरा पश्चिम विहार और उसके आसपास बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तर उत्तरप्रदेश से उत्तर तेलंगाना तक विस्तारित है। साथ ही प्रदेश में गर्म और शुष्क हवाएं आ रही हैं। इसके असर से कल मध्य छत्तीसगढ़ में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने और एक–दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब तेईस मई तक आवेदन जमा करा सकते हैं।

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के आदर्श उत्तर जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी किसी प्रश्न या उसके आदर्श उत्तर पर अपने दावा–आपत्ति पच्चीस मई तक माध्यमिक षिक्षा मंडल कार्यालय रायपुर में जमा कर सकते हैं।

– छत्तीसगढ़ में वेटलैंड संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी और दुर्ग स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी तथा वानिकी विश्वविद्यालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

– धमतरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में सिहावा चौक के पास बीत रात गश्त के दौरान चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक प्रधान आरक्षक की मौत हो गई। वहीं, एक नगर सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

और

– दुर्ग स्थित छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में में बाईस मई को जिला स्तरीय रोजगार मेला और प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>